295 प्रोजेक्ट भूमि पूजन के लिए तैयार

- इसी महीने लखनऊ में प्रस्तावित है जीबीसी
- जीबीसी से पहले कई गुणा निवेश फाइनल होने के करीब

03 हजार करोड़ प्रोजेक्ट ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से पहले तैयार हैं

02 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने में जुटा प्रशासन



जासं, लखनऊ: इसी महीने प्रस्तावित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को लेकर प्रशासनिक मशीनरी सक्रिय हो गई है। विभागों से अब तक फाइनल हुए प्रोजेक्ट का ब्योरा मांगा जा रहा है और अब तक हो चुके निवेश के आंकड़े जुटाए जा रहे हैं।

लखनऊ में अब तक करीब तीन सौ प्रोजेक्ट ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से पहले फाइनल हो चुके हैं। प्रशासन का कहना है बहुत से प्रोजेक्ट फाइनल होने के करीब हैं जो तय तारीख तक पूरे हो जाएंगे। कुल मिलाकर अभी तक पोर्टल पर जो तस्वीर लखनऊ की है उसके मुताबिक तीस हजार करोड़ से अधिक करीब तीन सौ प्रोजेक्ट ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से पहले तैयार है। माना जा रहा है कि इससे कहीं अधिक निवेश की जमीन तैयार है। दो लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने में जुटे प्रशासन को उम्मीद है कि सेरेमनी से पहले कई और बड़े निवेश प्रस्तावों को हरी झंडी मिल जाएगी।

उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए सरकार ने पिछले साल दस से बारह फरवरी के बीच ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया था। देश और दुनिया भर के निवेशकों ने इन्वेस्टर्स समिट में दिलचस्पी दिखाई जिसका परिणाम रहा कि लखनऊ में ही दो लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव आए थे। सबसे अधिक निवेश के प्रस्ताव एमएसएमई सेक्टर में आए। एमएमएमई के अलावा एनर्जी सेक्टर, हाउसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, इंटीग्रेटेड टाउनशिप, पर्यटन व लाजिस्टिक, फार्मास्युटिकल, शिक्षा और कई दूसरे सेक्टर में निवेशको ने दिलचस्पी दिखाई है। उपायुक्त उद्योग मनोज चौरसिया का कहना है कि लखनऊ में जिस तरह से सभी विभागों का सहयोग निवेशकों को मिल रहा है। सभी विभागों से उन प्रोजेक्टों का आंकड़ा जुटाया जा रहा है जिनको हरी झंडी मिल चुकी है। निवेशकों के साथ नियमित बैठकें हो रही हैं ताकि उनको किसी तरह की दिक्कत हो तो उसके दूर किया जा सके।